# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

## सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2018 की पुनर्परीक्षा

| दिनांक 27.06.2023 | **उत्तर कुंजी (QP Set-MM3)** | प्रथम पाली |
|---|---|---|

**भाग–1/Part-1**

**हिन्दी परीक्षण एवं लेखन योग्यता**

Provisional Answers in Master Test

| | |
|---|---|
| **1.** | 'उन्मीलन' शब्द का विलोम निम्न में से क्या है ?<br>**निमीलन** |
| **2.** | 'राम को रूप निहारति जानकी कंकन के नग की परछाईं' – पंक्ति में कौन सा रस है ?<br>**श्रृंगार रस** |
| **3.** | निम्नलिखित में से किस रस का स्थायी भाव 'रति' है ?<br>**श्रृंगार रस** |
| **4.** | 'मुदित महीपति मंदिर आए । सेवक सचिव सुमंत बुलाए ।' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?<br>**अनुप्रास अलंकार** |
| **5.** | 'फूले काँस सकल महि छाई । जनु बरसा रितु प्रकट बुढ़ाई ।' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?<br>**उत्प्रेक्षा अलंकार** |
| **6.** | किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है ?<br>**जो सब कुछ जानता है – बहुज्ञ** |
| **7.** | 'जहाँ जाया न जा सके ।' वाक्यांश के लिए एक शब्द है<br>**अगम्य** |
| **8.** | 'गुप्तचर' इस शब्द के लिए कौन सा वाक्यांश सही है ?<br>**छिपकर टोह लेने वाला** |
| **9.** | 'किए गए उपकार को न मानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–<br>**कृतघ्न** |
| **10.** | निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है ?<br>**ज्योत्स्ना** |

| | |
|---|---|
| **11.** | किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं ?<br>**वृक्ष, द्रुम, विटप** |
| **12.** | निम्न में से कौन सा शब्द 'सागर' का पर्यायवाची नहीं है ?<br>**निर्झर** |
| **13.** | निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है ?<br>**पाषाण** |
| **14.** | निम्नलिखित में से 'चिक्कण' शब्द का तद्भव शब्द कौन सा है ?<br>**चिकना** |
| **15.** | 'परिवा' शब्द का तत्सम रूप क्या है ?<br>**प्रतिपदा** |
| **16.** | कौन सा शब्द तद्भव है ?<br>**खजूर** |
| **17.** | इनमें से एकवचन–बहुवचन का कौन सा युग्म सही नहीं है ?<br>**आँसू–आँसुओं** |
| **18.** | निम्नलिखित में से 'समिति' शब्द का बहुवचन क्या होगा ?<br>**समितियाँ** |
| **19.** | "हाथ कंगन को आरसी क्या" लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?<br>**प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं।** |
| **20.** | 'मन–गढ़न्त, शिष्टता और घबराहट' इन शब्दों के लिंग बताइए।<br>**पुल्लिंग व स्त्रीलिंग दोनों, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग** |
| **21.** | 'एक लाठी से हाँकना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?<br>**अच्छे–बुरे का अंतर न करना** |
| **22.** | निम्नलिखित दोनों वाक्यों की सम्पूर्ण शुद्धता के विषय में कौन सा विकल्प सही है ?<br>1. हमको हमारे पूज्यनीय महानुभावों का सदा सम्मान करना चाहिए।<br>2. उसे मृत्युदंड की सजा दी जानी चाहिए थी।<br>**दोनों ही वाक्य अशुद्ध हैं।** |
| **23.** | 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?<br>**डींग मारना** |
| **24.** | किस विकल्प में शब्द–युग्म का अर्थ–भेद सही है ?<br>**शब्द–युग्म** — **अर्थ–भेद**<br>**अपरा – अपार** — **दूसरी – जिसे पार न किया जा सके** |

Provisional Answers in Master Set

**25.** श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द–युग्म 'आकार – आगार' का उचित अर्थ है –

**आकृति – धाम**

**26.** निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण कौन सा है ?

**यह वही भारत देश है, जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था ।**

**27.** 'नरेश घर गया । उसने माँ को देखा ।' वाक्य संश्लेषण द्वारा निर्मित संयुक्त वाक्य होगा–

**नरेश घर गया और (उसने) माँ को देखा ।**

**28.** 'अनुकरणीय' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है ?

**ईय**

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**(प्र. सं. 29-33)**

एकता के महत्त्व से संबंधित अनेक लोकोक्तियाँ प्रचलित हैं, यथा – दस की लाठी एक का बोझ, अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता इत्यादि । एक तिनके की क्या हस्ती ? लेकिन जब वही तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है । एक ईंट की क्या बिसात ? लेकिन जब यहीं ईंटें मिलकर दीवार बनाती हैं, तब उसे तोड़ना मुश्किल हो जाता है । एक बूँद जल का क्या अस्तित्व ? लेकिन जब इन्हीं बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है, तो उसे लाँघना दुष्कर हो जाता है । एक चींटी की क्या औकात ? लेकिन जब ये छोटी–सी चींटियाँ एक साथ हो जाती हैं, तब अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं । एकता के महत्त्व से संबंधित एक किसान और उसके बच्चों की और लकड़ी के टुकड़ों की कथा प्रचलित है । लकड़ी के टुकड़े जब अलग–अलग रहते हैं, तब बच्चों द्वारा वे आसानी से तोड़ दिये जाते हैं; परंतु वे ही टुकड़े जब संगठित होकर गट्ठर बन जाते हैं, तब बच्चे तोड़ नहीं पाते हैं । इन दृष्टान्तों से स्पष्ट है कि 'एकता में ही बल है ।'

**29.** तिनके की क्या विशेषता है ?

**जब तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है ।**

**30.** बूँदों के मेल का क्या महत्व है ?

**बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है ।**

**31.** जब चींटियाँ एक साथ जाती हैं तो...... (वाक्य पूरा कीजिये)

**अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं ।**

**32.** 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ है :

**अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है ।**

**33.** इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

**संगठन में शक्ति है**

**34.** ओष्ठ्य वर्ण किस विकल्प में हैं ?

**प, फ, ब, भ**

Provisional Answers in Master Set

| | |
|---|---|
| **35.** | निम्नलिखित में से कौन सा स्वर सन्धि का भेद नहीं है ?<br>**अनादि** |
| **36.** | निम्नलिखित में से किस विकल्प में अनुनासिक का प्रयोग है ?<br>**चाँद, साँस** |
| **37.** | राहुल सांकृत्यायन ने लेखन के लिए निम्नलिखित में से किस विधा को विशेष रूप से पसंद किया है ?<br>**यात्रावृत्त** |
| **38.** | रसखान कवि किस भाषा के कवि थे ?<br>**ब्रज** |
| **39.** | हिंदी की उप–भाषाओं की संख्या है :<br>**05** |
| **40.** | निम्नलिखित में से कौन सी कहानी प्रेमचंद द्वारा रचित नहीं है ?<br>**ताई** |
| **41.** | अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखे गए पत्र को किस प्रकार का पत्र कहेंगे ?<br>**औपचारिक पत्र** |
| **42.** | निम्नलिखित दोहा किसका है ?<br>माला तो कर में फिरै जीभ फिरै मुख माहिं ।<br>मनुआ तो चहुँ दिसि फिरै यह तो सुमिरन नाहिं ॥<br>**कबीरदास** |
| **43.** | भाषा का कौन सा कौशल सबसे पहले बच्चा सीखता है ?<br>**सुनना और समझना** |
| **44.** | 'यथाशक्ति' का सही विग्रह क्या होगा ?<br>**शक्ति के अनुसार** |
| **45.** | 'अपूर्ण भूतकाल' का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है ?<br>**ज्ञानू रो रहा था ।** |
| **46.** | 'अभीष्ट' का सही संधि–विग्रह है :<br>**अभि + इष्ट** |
| **47.** | अपादान कारक युक्त वाक्य है :<br>**छत से उतरी हुई लता मुरझा गई है ।** |
| **48.** | निम्नलिखित में नामधातु क्रिया का प्रयोग किस विकल्प में है ?<br>**उसने मेरी सारी संपत्ति हथिया ली ।** |
| **49.** | निम्न में से 'अत्याचार' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?<br>**अति** |
| **50.** | किस विकल्प में विलोम युग्म सही नहीं है ?<br>**सधवा × निर्धवा** |

Provisional Answers in Master Set

## भाग–2/Part-2
## सामान्य बुद्धि परीक्षण / General Intelligence Test

**निर्देश (51 और 52) :** निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :

'A + B' का अर्थ है 'A, B का पिता है' ; 'A – B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' ; 'A × B' का अर्थ है 'A, B का भाई है' ; 'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B की पुत्री है ।'

**Direction (51 & 52) :** Read the following information carefully and answer the questions given below it:

'A+B' means 'A is the father of B'; 'A – B' means 'A is the wife of B'; 'A × B' means 'A is the brother of B'; 'A ÷ B' means 'A is the daughter of B'.

**51.** यदि P ÷ R + S + Q, तो निम्न में से कौन सा सत्य है ?

**P, Q की बूआ है ।**

If P ÷ R + S + Q, then which of the following is true ?

**P is the aunt of Q.**

**52.** यदि P ÷ R + Q, निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है ?

**P, Q की बहन है ।**

If P ÷ R + Q, which of the following is true ?

**P is the sister of Q.**

**53.** विकल्प (A), (B), (C) और (D) के रूप में चिन्हित निम्नलिखित में से कौन सी उत्तर आकृति डॉट्स लगाने की उसी स्थिति को संतुष्ट करती है जैसा कि प्रश्न चित्र में है ?





Which of the following answer figures marked as option (A), (B), (C) and (D) satisfies the same condition of placement of dots as in the Question Figure ?





Provisional Answers in Master Set

| | |
|---|---|
| **54.** | कुछ घोड़े और उतने ही व्यक्ति कहीं जा रहे थे । आधे व्यक्ति अपने घोड़ों पर बैठे थे जबकि शेष व्यक्ति चल रहे थे और अपने घोड़ों की अगुवाई कर रहे थे । यदि चलने वाले पैरों की संख्या 70 है, तो कितने घोड़े थे ?<br>**14**<br>Some horses and same number of persons were going somewhere. Half of the persons were sitting on their horses whereas remaining persons were walking and leading their horses. If the number of legs walking is 70, then how many horses were there ?<br>**14** |
| **55.** | उत्तर की ओर उन्मुख बच्चों की एक पंक्ति में, रोहन बायीं ओर से 12वें स्थान पर है । सुरेश, जो दायीं ओर से 22वाँ है, रोहन के दायें से चौथा है । पंक्ति में कुल कितने बच्चे हैं ?<br>**37**<br>In a row of children facing north, Rohan is $12^{th}$ from the left end. Suresh, who is $22^{nd}$ from the right end is fourth to the right of Rohan. Total how many children are there in the row ?<br>**37** |
| **56.** | निम्नलिखित प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से एक आकृति को पूरा करता है । सही विकल्प चुनियें ।<br>**प्रश्न आकृति**<br><br>**उत्तर आकृतियाँ**<br><br>Following Question has four alternatives, among which one completes the figures. Choose the correct alternative.<br>**Question Figure**<br><br>**Answer Figures**<br> |

Provisional Answers in Master Set

**57.** नीचे दिए गए शब्दों को अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. आकाशगंगा 2. सूर्य
3. चंद्रमा 4. पृथ्वी
5. तारे

**3, 4, 2, 5, 1**

Arrange the words given below in a meaningful sequence :

1. Milky-way 2. Sun
3. Moon 4. Earth
5. Stars

**3, 4, 2, 5, 1**

**58.** दिए गए शब्दों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित करें और सबसे अंत में आने वाले शब्द का चयन करें :

Nomenclature, Normal, Nobble, Nostril, Nocent

**Nostril**

Arrange the given words in alphabetical order and select the one that comes last :

Nomenclature, Normal, Nobble, Nostril, Nocent

**Nostril**

**59.** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें । यहाँ कृत्रिम भाषा से अनुवादित कुछ शब्द दिए गए हैं ।

यदि rasphun का अर्थ है breaking dawn

ribpute का अर्थ है throw away

putehun का अर्थ है away dawn

garrasp का अर्थ है window breaking

कौन सा शब्द "throw ball" के अर्थ का प्रतिनिधित्व कर सकता है ?

**ribcopr**

Study the following information carefully and answer the question given below. Here are some of the words translated from an artificial language :

If rasphun means breaking dawn

ribpute means throw away

putehun means away dawn

garrasp means window breaking

Which word may represent the meaning of "throw ball" ?

**ribcopr**

Provisional Answers in Master Set

**60.** यहाँ कृत्रिम भाषा से अनुवादित कुछ शब्द दिए गए हैं।

morpirquat का अर्थ है birdhouse

beelmorpir का अर्थ है bluebird

beelclak का अर्थ है bluebell

किस शब्द का अर्थ "houseguest" हो सकता है ?

**quathunde**

Here are some words translated from an artificial language :

morpirquat means birdhouse

beelmorpir means bluebird

beelclak means bluebell

Which word could mean "houseguest" ?

**quathunde**

**61.** निम्नलिखित प्रश्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और सही उत्तर का चयन करें :

वह वैकल्पिक आकृति ज्ञात कीजिए जिसके भाग के रूप में आकृति (?) है।



**?**



Study the following question carefully and choose the right answer :

Find out the alternative figure which contains figure (?) as its part.



**?**



Provisional Answers in Master Set

**62.** चार उत्तर आकृतियों में से कौन सी नीचे दिए गए टुकड़ों से बनाई जा सकती है ?

**प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**



Among the four answer figures, which can be formed from the cut pieces given below ?

**Question Figure**



**Answer Figures**



**63.** यदि + का अर्थ –, × का अर्थ /, – का अर्थ + और / का अर्थ × है, तो निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर ज्ञात कीजिए :

(52 × 13)/4

**16**

If + means –, × means /, – means + and / means ×, then find out the answer of the following question :

(52 × 13)/4

**16**

**64.** यदि "K" का अर्थ "गुणा" है, "M" का अर्थ "घटाव" है, "J" का अर्थ "जोड़" है और "L" का अर्थ "भाग" है, तो

44 M 24 K 56 L 14 J 60 = ?

**8**

If "K" denotes "multiplied by", "M" denotes "subtracted from", "J" denotes "added to" and "L" denotes "divided by", then

44 M 24 K 56 L 14 J 60 = ?

**8**

**65.** निम्नलिखित प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिए गए हैं । उत्तर के रूप में सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

आधी रात को आपने कई व्यक्तियों के चिल्लाने की आवाज सुनी, "आग, आग", आप–

**सुनिश्चित करेंगे कि आग कहाँ और किस हद तक लगी थी ।**

To the following question four probable answers have been given. Select the most appropriate alternative as the answer :

At midnight you heard the voice of several persons shouting, "Fire, Fire," You would-

**Ensure where the fire had taken place and to what extent.**

Provisional Answers in Master Set

| | |
|---|---|
| **66.** | निम्नलिखित प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिए गए हैं । उत्तर के रूप में सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :<br>आप एक क्लब द्वारा आयोजित दीवाली मेले का आनंद लेने गए हैं । अचानक आप एक खोए हुए बच्चे को हताश होकर रोते हुए देखते हैं । आप<br>**क्लब के अधिकारियों से संपर्क करेंगे और माता-पिता के लिए एक घोषणा करेंगे ।**<br>To the following question four probable answers have been given. Select the most appropriate alternative as the answer :<br>You have gone to enjoy a Diwali Mela organised by a club. Suddenly you come across a lost child crying desperately. You would<br>**contact with the club authorities and make an announcement for the parents.** |
| **67.** | एक निश्चित कोड भाषा में, 'CROWD' को 23415924 के रूप में कोडित किया गया है और 'TRHICK' को 162491997 के रूप में कोडित किया गया है । उस भाषा में 'FRUGAL' को कैसे कोडित किया जाएगा ?<br>**1512021921**<br>In a certain code language, 'CROWD' is coded as 23415924 and 'TRHICK' is coded as 162491997. How will 'FRUGAL' be coded in that language ?<br>**1512021921** |
| **68.** | आपको एक महत्वपूर्ण आधिकारिक बैठक (मीटिंग) में शामिल नहीं होने के लिए स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है । आपका आसन्न बॉस जिसने आपको बैठक के बारे में सूचित नहीं किया है, अब आप पर दबाव डाल रहा है कि आप उसके खिलाफ आरोप न लगाएँ । आप<br>**इस तथ्य को स्पष्ट करते हुए एक लिखित उत्तर भेजेंगे ।**<br>You have been asked to give an explanation for not attending an important official meeting. Your immediate boss who has not informed you about the meeting is now putting pressure on you not to place an allegation against him/her. You would<br>**send a written reply explaining the fact.** |
| **69.** | P, Q, R, S, T, U और V केंद्र की ओर मुख करके वृत्ताकार बैठे हैं । P, V और S के बीच में है । R, जो S के दायें से दूसरे स्थान पर है, Q और U के बीच में है । Q, T का पड़ोसी नहीं है ।<br>निम्नलिखित में से कौन सा गलत कथन है ?<br>**R, U के ठीक दाईं ओर है ।**<br>P, Q, R, S, T, U and V are sitting along a circle facing the centre. P is between V and S. R, who is $2^{nd}$ to the right of S is between Q and U. Q is not the neighbour of T.<br>Which of the following is the wrong statement ?<br>**R is to the immediate right of U.** |

Provisional Answers in Master Set

**70.** A, B, C, D, E, F और G सात मित्र एक पंक्ति में उत्तर की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं ।

1. D, C के ठीक दायें है ।
2. E और A, F के पड़ोसी हैं ।
3. B, C के ठीक बायें है और सबसे बायीं ओर से दूसरे स्थान पर है ।
4. A सबसे दायीं ओर पर है ।

E की स्थिति क्या है ?

**बायें से पाँचवीं**

A, B, C, D, E, F and G are 7 friends sitting in a single row facing North.

1. D is to the immediate right of C.
2. E and A are neighbours of F.
3. B is to the immediate left of C and on second place from left most end.
4. A is at the right most end.

What is the position of E ?

**5th from left**

**71.** एक चूहा 20 कदम पूर्व की ओर दौड़ता है और दाएँ मुड़कर 10 कदम दौड़ता है, और दाएँ मुड़कर 9 कदम दौड़ता है, और फिर से बाएँ मुड़कर 5 कदम दौड़ता है और फिर बाएँ मुड़कर 12 कदम दौड़ता है और अंत में बाईं ओर मुड़कर 6 कदम दौड़ता है । अब चूहे का मुख किस दिशा में है ?

**उत्तर**

A rat run 20 step towards East and turns to right runs 10 step, and turns to right runs 9 step, and again turns to left runs 5 step and then turns to left runs 12 step and finally turns to left and runs 6 step. Now what direction is the rat facing ?

**North**

**72.** जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

आठ व्यक्ति परिवार की तीन पीढ़ियों में हैं और दो विवाहित जोड़े हैं । P, H का दामाद है जिसके तीन बच्चे हैं । M, L का भतीजा है । W, K का पिता है, जो U की साली है । U, H की इकलौती पुत्री है, जो N का पिता है । L अविवाहित है । N और K की कोई संतान नहीं है ।

निम्नलिखित में से कौन W का दामाद है ?

**N**

Study the information carefully and answer the question given below :

Eight persons are in three generations of family and two married couple. P is the son-in-law of H who has three children. M is nephew of L. W is father of K, who is sister-in-law of U. U is only daughter of H, who is the father of N. L is unmarried. N and K don't have any child.

Who among the following is son-in-law of W ?

**N**

Provisional Answers in Master Set

**73.** उत्तर आकृतियों में से उस उपयुक्त आकृति का चयन कीजिए जो प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा ।

**समस्या आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**



(1) (2) (3) (4) (5)

**(2)**

Select a suitable figure from the answer figures that would replace the question mark (?).

**Problem Figures**




**Answer Figures**



(1) (2) (3) (4) (5)

**(2)**

**74.** उस विकल्प का चयन करें जो पाँच वैकल्पिक आकृतियों में से तीन का प्रतिनिधित्व करता है जो एक दूसरे में फिट होने पर एक पूर्ण वर्ग बनाते हैं ।



1 2 3 4 5

**3, 4, 5**

Select the alternative which represents three out of the five alternative figures which when fitted into each other would form a complete square.



1 2 3 4 5

**3, 4, 5**

Provisional Answers in Master Set

**75.** नीचे दिए गए प्रश्न में एक प्रश्न और उसके नीचे दो कथन क्रमांक I और II दिए गए हैं । आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है । दोनों कथनों को पढ़ें और जवाब दें ।

**प्रश्न :** X, Y से कैसे संबंधित है ?

**कथन :**

I. Y और Z, D के बच्चे हैं जो X की पत्नी है ।

II. R की बहन X का विवाह Y के पिता से हुआ है ।

**या तो I या II पर्याप्त है ।**

The question below consists of a question and two statements numbered I and II given below it. You have to decide whether the data provided in the statements are sufficient to answer the question. Read both the statements and give answer.

**Question :** How is X related to Y ?

**Statements :**

I. Y and Z are children of D who is wife of X.

II. R's sister X is married to Y's father.

**Either I or II is sufficient.**

**76.** निम्नलिखित समस्या में, एक प्रश्न और तीन कथन हैं :

प्रश्न के नीचे I, II और III कथन दिए गए हैं । आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है । सभी कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और ज्ञात करें कि दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौन सा/से कथन पर्याप्त है/हैं ।

छह बच्चों प्रग्नेश, टिया, नीलेश, दीपा, कीर्ति और रवि में सबसे लंबा कौन है ?

I. कीर्ति, टिया और रवि से लंबी नहीं है ।

II. रवि, कीर्ति से लम्बा है लेकिन टिया जितना लम्बा नहीं है ।

III. प्रग्नेश, दीपा और नीलेश से लंबा है लेकिन टिया जितना लंबा नहीं है ।

**केवल II और III**

In the following problem, there is one question and three statements :

I, II and III statements given below the question. You have to decide whether the data given in the statements is sufficient to answer the question. Read all the statements carefully and find which of the statement/s is/are sufficient to answer the given question :

Who is the tallest among six children Pragnesh, Tia, Nilesh, Deepa, Kirti and Ravi ?

I. Kirti is not taller than Tia and Ravi.

II. Ravi is taller than Kirti but not as tall as Tia.

III. Pragnesh is taller than Deepa and Nilesh but not as tall as Tia.

**Only II and III**

Provisional Answers in Master Set

**77.** उस उत्तर आकृति का चयन करें जिसमें प्रश्न आकृति छिपी/संनिहित है ।

**प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**



Select the answer figure in which the question figure is hidden/ embedded.

**Question Figure**



**Answer Figures**



**78.** 7 से 8 बजे के बीच किस समय घड़ी की सूइयाँ एक ही सीधी रेखा में होंगी लेकिन एक साथ नहीं ?

**7 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट**

At what time between 7 and 8 o'clock will the hands of a clock be in the same straight line but, not together ?

**$5\frac{5}{11}$ minutes past 7**

**79.** एक घड़ी में बुधवार की शाम को पाँच बजकर पाँच बज रहे थे जबकि सही समय शाम के 5:00 बजे था । यह समान रूप से पीछे हो रही है और दो दिनों के बाद शाम 7:00 बजे 5 मिनट धीमी थी । घड़ी ने कब सही समय दिखाया ?

**गुरुवार शाम 6:00 बजे**

A watch showed five past five on Wednesday evening when the correct time was 5:00 p.m. It loses uniformly, and was 5 minutes slow after two days at 7:00 p.m. When did the watch show the correct time ?

**Thursday 6:00 p.m.**

**80.** 2 जुलाई, 1984 को सप्ताह का कौन सा दिन था ?

**सोमवार**

What was the day of the week on 2nd July, 1984 ?

**Monday**

Provisional Answers in Master Set

**81.** नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं । आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है, फिर दोनों निष्कर्षों पर एक साथ विचार करें और तय करें कि उनमें से कौन सा तर्कपूर्ण संदेह से परे कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता है ।

**कथन :** सभी संगठित व्यक्तियों को आराम के लिए समय मिल जाता है । सुनीता अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद आराम के लिए समय निकाल ही लेती है ।

**निष्कर्ष :**

I. सुनीता एक संगठित व्यक्ति है ।

II. सुनीता एक मेहनती व्यक्ति है ।

**केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ।**

In the question below is given a statement followed by two conclusions numbered I and II. You have to assume everything in the statement to be true, then consider the two conclusions together and decide which of them logically follows beyond a reasonable doubt from the information given in the statement :

**Statement :** All the organised persons find time for rest. Sunita, in spite of her very busy schedule, finds time for rest.

**Conclusions :**

I. Sunita is an organised person.

II. Sunita is an industrious person.

**Only conclusion I follows.**

**82.** निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं । आपको यह तय करना होगा कि उनमें से किसका अनुसरण किया जा सकता है ।

**कथन :** सम्मेलन में केवल स्मार्ट और बुद्धिमान लोगों को आमंत्रित किया जाता है । शक्ति को सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है ।

**निष्कर्ष :**

I. शक्ति स्मार्ट है ।

II. शक्ति बुद्धिमान है ।

**दोनों निष्कर्ष मान्य हैं ।**

The following question consists of one statement followed by two conclusions. You have to decide which one of them can be followed.

**Statement :** Only smart and intelligent people are invited into the conference. Shakti has been invited to attain the conference.

**Conclusions :**

I. Shakti is smart.

II. Shakti is intelligent.

**Both the conclusions are valid.**

Provisional Answers in Master Set

**83.** निम्नलिखित प्रश्न में तीन आकृतियों X, Y और Z का एक सेट है जो कागज के एक टुकड़े को मोड़ने का क्रम दर्शाता है । चित्र Z उस तरीके को दिखाता है जिसमें मुड़े हुए कागज को काटा गया है । नीचे दी गई चार उत्तर आकृतियों में से एक ऐसी आकृति चुनें जो आकृति Z के खुले हुए रूप से सबसे अधिक मिलती-जुलती हो ।

**पारदर्शी शीट**



(X) (Y) (Z)

**उत्तर आकृतियाँ**



The following question consists of a set of three figures X,Y and Z showing a sequence of folding of a piece of paper. Figure Z shows the manner in which the folded paper has been cut. Choose a figure which most closely resembles the unfolded form of figure Z from the four answer figures given below.

**Transparent sheet**



(X) (Y) (Z)

**Answer Figures**



**84.** निम्नलिखित आकृति में, वृत्त बैंगनी रंग का प्रतिनिधित्व करता है, त्रिभुज सफेद रंग का प्रतिनिधित्व करता है, वर्ग एक पक्षी का प्रतिनिधित्व करता है और पंचभुज महिला का प्रतिनिधित्व करता है :




निम्नलिखित में से कौन सी संख्या मादा सफेद पक्षी का प्रतिनिधित्व करती है ?

**26**

In the following figure, the circle represents purple, the triangle represents white, the square represents a bird, and the pentagon represents female :




Which of the following number represents a female white bird ?

**26**

Provisional Answers in Master Set

**85.** निम्नलिखित में से चुनें कि कौन सा आरेख दिए गए तत्वों के बीच संबंध को अधिक तार्किक तरीके से दर्शाता है :



**इलेक्ट्रॉनिक्स, एलईडी टीवी, घर**

Choose which of the following diagram represents relationship among the given elements in a much logical way :



**Electronics, LED TV, House**

**86.** डाइस (पासा) की चार अलग-अलग स्थितियाँ नीचे दी गई हैं :




(i) (ii) (iii) (iv)

कौन सी संख्या 6 के विपरीत फलक पर है

**1**

The four different positions of dice are given below :




(i) (ii) (iii) (iv)

Which number is on the face opposite of 6 ?

**1**

**87.** निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं । आपको यह तय करना है कि कौन सा तर्क एक मजबूत तर्क है :

**कथन :** क्या मुंबई में नए बड़े उद्योग शुरू किए जाने चाहिए ?

**तर्क :**

I. हाँ । यह नौकरी के अवसर पैदा करेगा ।

II. नहीं । यह शहर के प्रदूषण को और बढ़ा देगा ।

**या तो I या II मजबूत है ।**

The following question consists of a statement followed by two arguments I and II. You have to decide which of the arguments is a STRONG argument :

**Statement :** Should new big industries be started in Mumbai ?

**Arguments :**

I. Yes. It will create job opportunities.

II. No. It will further add to the pollution of the city.

**Either I or II is strong.**

Provisional Answers in Master Set

**88.** नीचे दिए गए प्रश्न में कथन के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं । आपको तय करना है कि कौन सा तर्क 'मजबूत' तर्क है :

**कथन** : क्या एक मैच के दौरान एक क्रिकेट टीम में एक से अधिक कप्तान होने चाहिए ?

**तर्क** : (I) नहीं, किसी को मौके पर निर्णय लेने की जरूरत है और ऐसा परिदृश्य सामने आने पर मैदान पर कप्तानों के बीच परस्पर विरोधी विचारों को हल करने का समय नहीं होगा ।

(II) हाँ, यह हमेशा बेहतर होता है कि निर्णय लेने से पहले समझने के लिए ज्यादा दिमाग लगायें जायें ।

**यदि केवल I मजबूत है ।**

In the question given below Statement is followed by two arguments I and II. You have to decide which of the arguments is a 'strong' argument :

**Statement :** Should a cricket team have more than one captain during a match ?

**Arguments :**

(I) No, one needs to make decisions on the spot and there won't be time to resolve conflicting ideas between the captains on the field if such a scenario emerges.

(II) Yes, it is always better to have more brains coming to an understanding before taking a decision.

**If only I is strong.**

**89.** एक घन को दो निकटवर्ती सतहों पर नीले रंग से और नीली सतहों के विपरीत सतहों पर काले रंग से और शेष फलकों पर हरे रंग से रंगा जाता है । अब घन को समान आकार के 216 छोटे घनों में काटा जाता है । ऐसे घनों की संख्या ज्ञात कीजिए जिनकी कोई सतह पेंट नहीं की गई है ।

**64**

A cube is painted blue on two adjacent surfaces and black on the surfaces opposite to blue surfaces and green on the remaining faces. Now the cube is cut into 216 smaller cubes of equal sizes. Find the number of cubes with no surface painted.

**64**

**90.** दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए ।



**18**

Find the number of triangle in the given figure.



**18**

Provisional Answers in Master Set

**निर्देश : (प्रश्न 91– 93)** छह लोग अरुंधति, बजाज, चारु, देवेश, एलिना और फातिमा छुट्टियाँ मनाने इटली जाते हैं और उन्होंने एक होटल में 6 कमरे बुक किए ।

छह कमरों की संख्या 101, 102, 103, 104, 105 और 106 (बाएँ से दाएँ) हैं और प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक कमरा मिलता है ।

अरुंधति बजाज के ठीक बायें या दायीं ओर वाले कमरे में नहीं है ।

चारु, देवेश के कमरे के ठीक बायें कमरे में है ।

फातिमा को कमरा संख्या 106 नहीं दिया गया है ।

**Direction : (Q. 91– 93)** Six people Arundhati, Bajaj, Charu, Devesh, Elina and Fatima go for a vacation to Italy and they book 6 rooms in a hotel.

There are six rooms numbered 101, 102, 103, 104, 105 and 106 (from left to right) and each person gets one room each.

Arundhati is not in the room immediately to the left or immediately to the right of Bajaj.

Charu is in a room immediately to the left of Devesh's room.

Fatima has not been allotted room number 106.

**91.** यदि देवेश कमरा संख्या 105 में है, तो चारु का कमरा संख्या क्या है ?

**104**

If Devesh is in room number 105, what is the room number of Charu ?

**104**

**92.** यदि बजाज चारु के बायें से दूसरे कमरे में है, तो अरुंधति किस कमरा संख्या में रहती है ?

**106**

If Bajaj is in room number second to the left of Charu, in which room number does Arundhati stay ?

**106**

**93.** फातिमा को कौन सा कमरा संख्या दिया गया है ?

**अपर्याप्त डेटा**

Fatima has been allotted with which room number ?

**Insufficient Data**

**94.** निम्नलिखित शृंखला प्रदान की गई है और आपको तदनुसार प्रश्न का उत्तर देना है :

A B C D E F G H I J K L M N O P R S T U V W X Y Z

इस शृंखला में अपने दायें से तेरहवें वर्ण के बायें से पाँचवाँ अक्षर ढूँढ़ें ।

**H**

The following series is provided and you need to answer the question accordingly :

A B C D E F G H I J K L M N O P R S T U V W X Y Z

In this series find the letter which is fifth to the left from the thirteenth letter from your right.

**H**

Provisional Answers in Master Set

| | |
|---|---|
| **95.** | नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो धारणाएँ I और II दी गई हैं । आपको कथन और निम्नलिखित धारणाओं पर विचार करना है और तय करना है कि कौन सी धारणा कथन में निहित है ।<br>**कथन :** कंपनी X का कॉफी पाउडर कंपनी Y की बहुप्रचारित कॉफी की तुलना में स्वाद में काफी बेहतर है ।<br>**धारणाएँ :**<br>I. यदि आपका उत्पाद अच्छा नहीं है, तो आप विज्ञापन पर अधिक खर्च करते हैं ।<br>II. कुछ लोग विज्ञापन द्वारा उत्पाद खरीदने के लिए ललचाते हैं ।<br>**केवल धारणा II निहित है**<br>In the question below is given a statement followed by two assumptions numbered I and II. You have to consider the statement and the following assumptions and decide which of the assumptions is implicit in the statement :<br>**Statement :** The coffee powder of company X is quite better in taste than the much advertised coffee of company Y.<br>**Assumptions :**<br>I. If your product is not good, you spend more on advertisement.<br>II. Some people are tempted to buy a product by the advertisement.<br>**Only assumption II is implicit.** |
| **96.** | नीचे दी गई शृंखला में, 9 की संख्या गिनें, जिनमें से प्रत्येक के पहले 5 नहीं है, लेकिन बाद में 2 या 3 है । ऐसे कितने 9 हैं ?<br>1 9 2 6 5 9 3 8 3 9 3 2 5 9 2 9 3 9 3 4 8 2 6 9 8.<br>**4**<br>In the series given below, count the number of 9s each of which is not preceded by 5 but is followed by either 2 or 3. How many such 9s are there ?<br>1 9 2 6 5 9 3 8 3 9 3 2 5 9 2 9 3 9 3 4 8 2 6 9 8.<br>**4** |
| **97.** | इस शृंखला में अगले तीन नंबर कौन से हैं ?<br>4, 6, 12, 18, 30, 42, 60, 72, 102, 108, ?, ?, ?<br>**138, 150, 180**<br>What are the next three numbers in this series ?<br>4, 6, 12, 18, 30, 42, 60, 72, 102, 108, ?, ?, ?<br>**138, 150, 180** |
| **98.** | निम्नलिखित प्रश्न में कथन दिए गए हैं और इन कथनों के बाद निष्कर्ष दिए गए हैं । निष्कर्षों को पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा सामान्य ज्ञात तथ्यों की उपेक्षा करते हुए दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है ।<br>**कथन :** सभी बोतलें बक्से हैं । सभी बक्से थैले हैं । कुछ थैले ट्रे हैं ।<br>**निष्कर्ष :**<br>I. कुछ बोतलें ट्रे हैं ।<br>II. कुछ ट्रे बक्से हैं ।<br>III. सभी बोतलें थैले हैं ।<br>IV. कुछ ट्रे थैले हैं ।<br>**केवल III और IV अनुसरण करते हैं ।**<br>In following question statements are given and these statements are followed by conclusions. Read the conclusions and then decide which of the given conclusions logically follows from the given statements, disregarding commonly known facts.<br>**Statements :** All the bottles are boxes. All the boxes are bags. Some bags are trays.<br>**Conclusions :**<br>I. Some bottles are trays.<br>II. Some trays are boxes.<br>III. All the bottles are bags.<br>IV. Some trays are bags.<br>**Only III and IV follows.** |

Provisional Answers in Master Set

**निर्देश (99 और 100) :** नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

देवेश, गौतम, आदित्य, ब्योम, चंदन, हरीश, फहद और ईमी आठ व्यक्ति हैं, जिनकी लंबाई अलग-अलग है । देवेश, आदित्य से छोटा है, लेकिन गौतम से लंबा है । ईमी, हरीश से लंबी है लेकिन चंदन से छोटी है । ब्योम, देवेश से छोटा है लेकिन फहद से लंबा है । चंदन, गौतम से छोटा है । गौतम, फहद जितना लंबा नहीं है ।

**Direction (99 and 100) :** Read the following information carefully to answer the questions given below :

Devesh, Gautam, Aditya, Byom, Chandan, Harish, Fahad and Emi are eight persons, having a different height. Devesh is shorter than Aditya, but taller than Gautam. Emi is taller than Harish but shorter than Chandan. Byom is shorter than Devesh but taller than Fahad. Chandan is shorter than Gautam. Gautam is not as tall as Fahad.

**99.** निम्नलिखित में से कौन 5वाँ सबसे छोटा है ?

**गौतम**

Which of the following is 5$^{th}$ shortest ?

**Gautam**

**100.** निम्नलिखित में से कौन उनमें से सबसे छोटा है ?

**हरीश**

Who among the following is shortest among them ?

**Harish**

## भाग-3/Part-3

## सामान्य जानकारी / General Awareness

**101.** ज्योति तीव्रता को एक इकाई में व्यक्त किया जाता है जिसका नाम है :

**कैंडेला**

Luminous Intensity is expressed in a unit named :

**Candela**

**102.** निम्नलिखित में से किसका जलीय घोल आँखों के लिए कमजोर पूतिरोधी (एंटीसेप्टिक) के रूप में प्रयोग किया जाता है ?

**बोरिक एसिड**

Dilute aqueous solution of which among the following is used as a weak antiseptic for eyes ?

**Boric Acid**

**103.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निम्नलिखित में से किस शहर में 'सुरक्षित शहर परियोजना' का शुभारंभ किया ?

**बेंगलुरु**

Union Home Minister Amit Shah launched the 'Safe City Project' in which among the following cities ?

**Bengaluru**

Provisional Answers in Master Set

| | |
|---|---|
| **104.** | भारत में पहला 3डी–मुद्रित (त्रिआयामी–मुद्रित) डाकघर कहाँ बनाया जा रहा है ?<br>**बेंगलुरु**<br>Where is the first 3D-printed (Three Dimensional-Printed) post office in India being constructed ?<br>**Bengaluru** |
| **105.** | निम्नलिखित में से कौन सा देश $CO_2$ आयात करने और इसे समुद्र के नीचे दफनाने वाला पहला देश बन गया है ?<br>**डेनमार्क**<br>Which among the following countries became the first country to import $CO_2$ and bury it under sea ?<br>**Denmark** |
| **106.** | कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय और NAFED द्वारा पहला 'बाजरा अनुभव केंद्र (MEC)' कहाँ शुरू किया गया था ?<br>**नई दिल्ली**<br>Where was the first 'Millets Experience Centre (MEC)' launched by the Ministry of Agriculture & Farmers Welfare and NAFED ?<br>**New Delhi** |
| **107.** | निम्नलिखित में से किस देश में हिंसा के बीच 10 लाख से अधिक पोलियो टीके नष्ट कर दिए गए ?<br>**सूडान**<br>In which of the following countries more than 1 million Polio vaccines were destroyed amid violence ?<br>**Sudan** |
| **108.** | निम्नलिखित में से किस बंदरगाह ने हाल ही में बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा उच्चतम कार्गो को संभालने के लिए वर्ष 2022–23 के लिए सर्वश्रेष्ठ पूर्ण प्रदर्शन पुरस्कार के लिए "सागर श्रेष्ठ सम्मान पुरस्कार" प्राप्त किया है ?<br>**दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कंडला, गुजरात**<br>Which of the following ports has recently bagged "The Sagar Shreshtha Samman Awards" for the best Absolute Performance Award for the year 2022-23 for handling the highest cargo by the Ministry of Ports, Shipping and Waterways ?<br>**Deendayal Port Authority, Kandla, Gujarat** |
| **109.** | 42वें आसियान शिखर सम्मेलन (ASEAN Summit) का विषय "आसियान मामले(ASEAN affairs) : ________"<br>**विकास का उपकेंद्र**<br>The theme of 42nd ASEAN Summit "ASEAN affairs : ________"<br>**Epicentre of Growth** |

Provisional Answers in Master Set

| | |
|---|---|
| **110.** | महिला क्रिकेटरों को सम्मानित करने के लिए 'डेबी हॉकले मेडल' किस देश द्वारा शुरू किया गया है ?<br>**न्यूजीलैंड**<br>The 'Debbie Hockley Medal' to honour women cricketers has been launched by which country ?<br>**New Zealand** |
| **111.** | ओडिशा के निम्नलिखित में से किस जिले ने गर्भवती महिलाओं की स्थिति पर नज़र रखने के लिए "निरिख्यान ऐप" लॉन्च किया ?<br>**गंजम**<br>Which among the following districts of Odisha, launched "Nirikhyana app" to track condition of pregnant women ?<br>**Ganjam** |
| **112.** | हाल ही में, रेमन मैग्सेसे अवार्ड फाउंडेशन के सदस्यों ने व्यक्तिगत रूप से 64 साल के इंतजार के बाद निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व को 1959 का रोमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया ?<br>**दलाई लामा**<br>Recently, members of the Ramon Magsaysay Award Foundation, personally presented the 1959 Ramon Magsaysay Award to which of the following international personalities after a 64-years of wait ?<br>**Dalai Lama** |
| **113.** | शब्द "शांति का समुद्र" (सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी) निम्नलिखित में से किस खगोलीय पिंड से जुड़ा है ?<br>**चाँद**<br>The word "The Sea of Tranquility" is associated with which of the following celestial bodies ?<br>**Moon** |
| **114.** | निम्नलिखित में से कौन सा पृथ्वी पर समुद्र तल से सबसे गहरा बिंदु है ?<br>**मारियाना ट्रेंच**<br>Which among the following is the deepest point from the sea level on the earth ?<br>**Mariana Trench** |
| **115.** | निम्नलिखित में से कौन सा संस्थान "वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट" प्रकाशित करता है ?<br>**आरबीआई (भारतीय रिज़र्व बैंक)**<br>Which of the following institutions publishes "Financial Stability Report" of India ?<br>**RBI (Reserve Bank of India)** |
| **116.** | "नोबल पुरस्कार" वर्ष 1901 से दुनियाभर में पुरुषों और महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है, वर्ष 1968 में निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस क्षेत्र को जोड़ा गया है ?<br>**अर्थशास्त्र**<br>"The Noble Prize" has been honoring men and women around the world from year 1901, which among the following fields has been added in year 1968?<br>**Economic Science** |

Provisional Answers in Master Set

**117.** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने कहा कि 2022-23 के लिए मौजूदा कीमतों पर अनुमानित वार्षिक प्रति व्यक्ति _______ है ।

**₹ 1.72 लाख**

The National Statistical Office said the estimated annual per capita at current prices for 2022-23 stands at ________.

**₹ 1.72 lakh**

**118.** भारत के राज्य में, राज्य वित्तीय निगम ने मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किसके विकास के लिए सहायता दी है ?

**मध्यम और लघु उद्योग**

In the State of India, the State Financial Corporation have given assistance mainly to develop which of the following ?

**Medium and small-scale industries**

**119.** जिस दर पर भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है, उसे ______ कहा जाता है ।

**रेपो दर**

The rate at which the Reserve Bank of India lends money to commercial banks is called as ________.

**Repo Rate**

**120.** निम्नलिखित झीलों में से कौन सी एशिया की दूसरी सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है जो जम्मू और कश्मीर में स्थित है ?

**वुलर**

Which among the following lakes is the 2nd largest fresh-water lake of Asia which is situated in Jammu & Kashmir ?

**Wular**

**121.** निम्नलिखित में से किस स्थल पर झारखंड में कोयला क्षेत्र स्थित हैं ?

**झरिया**

At which of the following sites are Coal fields located in Jharkhand ?

**Jharia**

**122.** संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के तहत भारत के किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है ?

**356**

Under which among the following Articles of the Constitution is the President's rule promulgated on any State in India ?

**356**

**123.** शूद्रक द्वारा लिखित "मृच्छकटिक" का साहित्यिक प्रकार निम्नलिखित में से कौन सा है ?

**नाटक**

Which of the following is the literary types of "Mrichhakatika" written by Sudraka ?

**Drama**

Provisional Answers in Master Set

| | |
|---|---|
| **124.** | भारतीय संविधान की अनुसूची जो अनुसूचित भाषाओं के बारे में है, निम्नलिखित में से कौन सी है ?<br>**आठवीं**<br>The schedule of the Indian Constitution which is about scheduled languages, is which among the following ?<br>**VIII** |
| **125.** | भारत में "प्रवासी भारतीय दिवस" प्रत्येक दो वर्ष में एक बार 9 जनवरी को मनाया जाता है । यह दिन पहली बार किस वर्ष मनाया गया था ?<br>**2003**<br>"Pravasi Bharatiya Divas" is celebrated in India on 9th January once every two years. This day first was observed in which year ?<br>**2003** |
| **126.** | भारत का पहला लिक्विड-मिरर टेलीस्कोप, इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलीस्कोप (ILMT) निम्नलिखित में से किस वेधशाला में स्थापित किया गया है ?<br>**देवस्थल वेधशाला (आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज [एआरआईईएस] का परिसर), नैनीताल, उत्तराखंड**<br>India's first liquid-mirror telescope, the International Liquid Mirror Telescope (ILMT) has been set up in which among of the following observatories ?<br>**Devasthal Observatory (Campus of Aryabhatta Research Institute of Observational Sciences [ARIES]), Nainital, Uttarakhand** |
| **127.** | निम्नलिखित में से कौन "द बर्थ ऑफ न्यू इंडिया" पुस्तक के लेखक हैं ?<br>**एनी बेसेंट**<br>Who among the following is the author of the book "The Birth of New India" ?<br>**Annie Besant** |
| **128.** | काराकोरम वन्यजीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है ?<br>**लद्दाख**<br>The Karakoram Wildlife Sanctuary is located in which among the following states/UTs ?<br>**Ladakh** |
| **129.** | शिवाजी की मृत्यु के बाद, मराठा राज्य में प्रभावी शक्ति ______ के एक परिवार द्वारा संभाली गई थी, जिसने पेशवा के रूप में शिवाजी के उत्तराधिकारियों की सेवा की थी ।<br>**चितपावन ब्राह्मण**<br>After Shivaji's death, effective power in the Maratha state was wielded by a family of _______ who served Shivaji's successors as Peshwa.<br>**Chitpavan Brahmanas** |
| **130.** | निम्नलिखित में से किस स्थान पर "पुजारी राजाओं" की मूर्ति मिली थी ?<br>**मोहनजोदड़ो**<br>A statue of "Priest Kings" was found at which of the following places ?<br>**Mohenjo Daro** |

Provisional Answers in Master Set

| | |
|---|---|
| **131.** | मानवीय राहत और सामाजिक कार्य करने के लिए 1896 में "रामकृष्ण मिशन" की स्थापना किसने की थी ?<br>**स्वामी विवेकानंद**<br>Who founded "Ramakrishna Mission" in 1896 to carry humanitarian relief and social work ?<br>**Swami Vivekananda** |
| **132.** | निम्नलिखित में से किसने सभी तीन गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया था ?<br>**डॉ. बी.आर. अम्बेडकर**<br>Who among the following had attended all three round table conference?<br>**Dr. B.R. Ambedkar** |
| **133.** | निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर पल्लव राजवंशों के शासन के दौरान बनाया गया था ?<br>**महाबलीपुरम मंदिर**<br>Which of the following temples was built during the rule of Pallav dynasties ?<br>**Mahabalipuram Temple** |
| **134.** | निम्नलिखित में से भारत में स्थित किस प्राचीन विश्वविद्यालय को यूनेस्को विश्व विरासत स्थल में शामिल किया गया है ?<br>**नालंदा महाविहार**<br>Which of the following ancient universities has been included in UNESCO World Heritage Site situated in India ?<br>**Nalanda Mahavihara** |
| **135.** | राष्ट्रकूट वंश के संस्थापक कौन थे ?<br>**दंतिदुर्ग (दंतीवर्मन)**<br>Who was the founder of Rashtrakuta dynasty ?<br>**Dantidurga (Dantivarman)** |
| **136.** | 'बैकहैंड स्ट्रोक्स' शब्द निम्नलिखित में से किससे जुड़ा है ?<br>**टेनिस**<br>The term 'Backhand Strokes' is associated with which among the following ?<br>**Tennis** |
| **137.** | भारत में प्रवाल भित्तियाँ निम्नलिखित में से किस स्थान पर पाई जाती हैं ?<br>**मुन्नार की खाड़ी**<br>Coral reefs in India can be found in which among the following places ?<br>**Gulf of Munnar** |
| **138.** | भारत में "नूनमती" स्थान निम्नलिखित में से किस उद्योग से संबंधित है ?<br>**पेट्रोलियम उद्योग**<br>The place "Noonmati" in India is associated with which of the following industry ?<br>**Petroleum Industry** |

Provisional Answers in Master Set

| | |
|---|---|
| **139.** | निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के बारे में सही नहीं है ?<br>**इसकी ऊँचाई वसंत मंदिर बुद्ध से कम है ।**<br>Which of the following statements is not correct about the 'Statue of Unity'?<br>**Its height is less than the Spring Temple Buddha.** |
| **140.** | निम्नलिखित में से किस पर्वत को 'हाथी पर्वत' के रूप में भी जाना जाता है जो मध्य केरल के दक्षिणी पश्चिमी घाट में पहाड़ों की एक शृंखला पर स्थित है और पश्चिमी तमिलनाडु की सीमा तक फैला हुआ है ?<br>**अनामला या अनामलाई**<br>Which of the following mountains is also known as "Elephant Mountains" situated at a range of mountains in the southern Western Ghats of central Kerala and span the border of western Tamil Nadu?<br>**Anamala or Anaimalai** |
| **141.** | उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र निम्नलिखित में से किस जिले में स्थापित किया गया है ?<br>**मिर्जापुर**<br>In which of the following districts, the biggest solar power plant of Uttar Pradesh has been set up ?<br>**Mirzapur** |
| **142.** | निम्नलिखित में से कौन सा कथन बृहस्पति ग्रह के बारे में सही है ?<br>**सौर मंडल में सबसे छोटा दिन इसका है ।**<br>Which of the following statement is correct about the planet Jupiter ?<br>**It has the shortest day in the Solar System.** |
| **143.** | मृणालिनी साराभाई निम्नलिखित में से किस कला रूप से जुड़ी थीं ?<br>**भरतनाट्यम**<br>With which of the following art forms Mrinalini Sarabhai was associated ?<br>**Bharatnatyam** |
| **144.** | त्रिरश्मि बौद्ध गुफा परिसर, जहाँ तीन नई गुफाएँ खोजी गई हैं, किस राज्य में स्थित है ?<br>**महाराष्ट्र**<br>Trirashmi Buddhist Cave complex, where three new caves have been discovered, is located in which state ?<br>**Maharashtra** |
| **145.** | निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान एक टाइगर रिज़र्व भी है ?<br>**पन्ना राष्ट्रीय उद्यान**<br>Which among of the following national parks is also a tiger reserve ?<br>**Panna National Park** |

Provisional Answers in Master Set

146. “कुद्रेमुख” जो कर्नाटक राज्य की तीसरी सबसे ऊँची चोटी है जो चिक्कमगलुरु जिले में स्थित है, यह विशेष शिखर एक जानवर के चेहरे के आकार का है, निम्नलिखित में से वह कौन सा जानवर है ?

**घोड़ा**

“Kudremukh” which is the third tallest peak of Karnataka state situated in Chikkamagaluru district, this particular peak is having shape of one animal’s face, which among the following is that animals ?

**Horse**

147. निम्नलिखित में से किस राज्य में, विश्व का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान– “केइबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान” (Keibul Lamjao National Park) स्थित है ?

**मणिपुर**

In which of the following states, World’s only Floating National Park – “Keibul Lamjao National Park” is situated ?

**Manipur**

148. निम्नलिखित में से किस भारतीय वैज्ञानिक ने तारों की संरचना और विकास के लिए महत्वपूर्ण भौतिक प्रक्रियाओं के सैद्धांतिक अध्ययन पर अपने कार्य के लिए नोबेल पुरस्कार जीता है ?

**एस. चंद्रशेखर**

Which among the following Indian scientists has won a Nobel prize for his work on theoretical studies of the physical processes of importance to the structure and evolution of the stars ?

**S. Chandrashekhar**

149. हानिकारक यूवी– पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करने के लिए वायुमंडल की निम्नलिखित परतों में से किसमें ओजोन परत मौजूद है ?

**समताप मंडल**

In which among the following layers of the atmosphere, Ozone layer is present to protect us against harmful UV-Ultra Violet rays ?

**Stratosphere**

150. निकट दृष्टिदोष को ठीक करने के लिए किस प्रकार के लेंस का उपयोग किया जाता है ?

**अवतल लेंस**

Which type of lens is used to correct near sightedness ?

**Concave lens**

Provisional Answers in Master Set